an>

Title: Need to undertake modernization of Vadodara railway station, Gujarat.

**श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा)** ः मैं आदरणीय रेल मंत्री जी से जानना चाहूंगी कि रेलवे स्टेशन री-डेवलपमेंट स्कीम के अंतर्गत, देश भर में कुल 400 रेलवे स्टेशनों का नव-विकास और नव-निर्माण होने जा रहा है। मैं रेल मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहूंगी कि इन 400 रेलवे स्टेशनों की चयनित सूची में हमारा बड़ोदरा रेलवे स्टेशन भी शामिल है।

मेरी जानकारी के अनुसार, नजदीकी भविष्य में इस प्रोजेक्ट के लिए निविदा सार्वजनिक की जाएगी। गुजरात के सूरत रेलवे स्टेशन का नव-विकास और नव-निर्माण को जॉइन्ट वेंचर मॉडल प्रदान किया गया है जिसमें रेलवे मंत्रालय-राज्य सरकार और म्युनिसिल कॉरपोरेशन संयुक्त रूप से इस योजना पर अमल करेंगे।

मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करती हूं कि बड़ोदरा रेलवे स्टेशन का नव-विकास और नव-निर्माण बड़ोदरा म्युनिसिपल कॉरपोरेशन रेलवे मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से जाइंट वेन्चर मॉडल के आधार पर किया जाए।